NPS MEDICINEWISE



# आपके घर में दवाओं की समीक्षा किस प्रकार आपको अपनी दवाओं का अधिकतम लाभ उठाने में मदद कर सकती है।

आपके घर मे **दवाओं की समीक्षा** यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकती है कि आपकी दवाएं सुरक्षित हैं और आपके लिए अच्छा काम कर रही हैं।

## घरेलू दवाओं की समीक्षा क्या है?

घरेलू दवाओं की समीक्षा करने में आप, आपके डॉक्टर और एक विशेष रूप से प्रशिक्षित फार्मासिस्ट शामिल होते हैं जो आपकी दवाओं के प्रबंधन में आपकी सहायता के लिए मिलकर काम करते हैं। फार्मासिस्ट आपके घर पर आपसे मुलाकात करेगा/गी और आपके या आपके देखभालकर्ता के साथ आपकी दवाओं की जांच करेगा/गी। आपको अपनी दवाओं से सर्वोत्तम लाभ प्राप्त करने में मदद करने के लिए वे आपको और आपके डॉक्टर को सुझाव देंगे और किसी भी प्रश्न का उत्तर देंगे।

### क्या होगा यदि मैं, या वह व्यक्ति जिसकी मैं देखभाल करता/ती हूँ, एक ऐज़्ड-केयर होम में रहता/ती है?

इसे **आवासीय दवा प्रबंधन समीक्षा** कहा जाता है। आपके जीपी, या कुछ अस्पताल-आधारित डॉक्टरों को आपको समीक्षा के लिए रेफर करना होगा और फार्मासिस्ट आपके ऐज़्ड केयर होम में आपसे मुलाकात करेगा। वे आपसे, आपके परिवार, देखभालकर्ताओं, या आपके ऐज़्ड केयर होम के कर्मचारियों से आपकी दवाओं के बारे में बात करेंगे। फार्मासिस्ट आपके ऐज़्ड केयर होम को आपके चिकित्सक और स्वास्थ्य देखभाल टीम के लिए आपके दवा प्रबंधन में सुधार के लिए किसी भी सुझाव के साथ एक रिपोर्ट लिखेगा/गी।


## ये समीक्षा कैसे मदद कर सकती हैं?



व्यक्ति आधारित सलाह और जानकारी



आश्वस्त हों कि आपकी दवाएं आपके लिए अच्छा काम कर रही हैं



अपनी दवा से जुड़ी दिनचर्या को सरल बनाएं



दवा से संबंधित समस्याओं को पहचानें और रोकें



इस पर विश्वास हो कि आप अपनी दवाओं को कैसे लेते हैं, स्टोर करते हैं और उनका निपटान करते हैं



अपनी दवाओं और स्वास्थ्य के बारे में समर्थित महसूस करें



बात करने और सवाल पूछने के लिए अधिक समय



आपके लिए सुविधाजनक और निजी स्थान अपने घर या ऐज़्ड-केयर होम में, या किसी अन्य स्थान पर यदि स्वीकृत हो तो

## यह कैसे काम करता है?

### घरेलू दवाओं की समीक्षा के बारे में अपने जीपी से बात करें

### समीक्षा बुक करें

### तैयारी करें

इससे पहले कि फार्मासिस्ट आपके पास आए, सुनिश्चित करें कि आपकी दवाओं की सूची अपडेट की हुई अर्थात नवीनतम है, तथा आपके द्वारा ली जा रही सभी दवाओं को एक साथ इकट्ठा करें। फ़ार्मेसी, सुपरमार्केट या हेल्थ फ़ूड शॉप से खरीदी गई कोई भी गैर-पर्चे वाली दवाएं, या ऑनलाइन ऑर्डर करना, साथ ही आपके द्वारा लिए गए किसी भी विटामिन, सप्लीमेंट और हर्बल उपचार को शामिल करना याद रखें। किसी भी इनहेलर, पैच, क्रीम, और आंख या कान की ड्रॉप को शामिल करना न भूलें।

### मुलाक़ात

फार्मासिस्ट आपके घर या ऐज़्ड केयर होम में आएगा/गी। मुलाक़ात लगभग एक घंटे तक चलनी चाहिए। मुलाक़ात के बाद फार्मासिस्ट आपके डॉक्टर के लिए एक रिपोर्ट लिखेगा/गी।

### अपने डॉक्टर के साथ आगे फॉलो अप (पूछताछ) करें

फार्मासिस्ट से मिलने के बाद अपने डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लें। आपका डॉक्टर आपके या आपके देखभालकर्ता के साथ रिपोर्ट पर चर्चा करेगा, और आपकी दवाओं के प्रबंधन के लिए एक योजना लिखेगा/गी।

## सामान्यत:पूछे जाने वाले प्रश्न

**▹ इसकी कीमत कितनी होती है?**

यदि आपके पास वर्तमान मेडिकेयर या डीवीए कार्ड है, तो घरेलू दवाओं की समीक्षा के लिए आपको कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ता है। आपको रेफ़रल के लिए जीपी से मिलने के लिए भुगतान करना पड़ सकता है बशर्ते कि वे बल्क बिल न करते हों ।

**▹ मैं एक देखभालकर्ता हूँ, क्या इसमें शामिल होना मेरे लिए उपयोगी है?**

हां। आप जिस व्यक्ति की देखभाल करते/करती हैं, उसकी दवाओं के प्रबंधन में मदद करने के लिए आपको सलाह और सहायता मिलेगी।

**▹ अगर मैं अपने घर पर साक्षात्कार नहीं करना चाहता/ती तो क्या होगा?**

फार्मासिस्ट किसी अन्य स्थान पर साक्षात्कार करने के लिए आवेदन करने में सक्षम हो सकता/ती है।

**▹ समीक्षा कौन करता है?**

एक मान्यता प्राप्त या सलाहकार फार्मासिस्ट, समीक्षा करेगा/गी। यह आपका सामान्य फार्मासिस्ट हो सकता है, या आपका डॉक्टर एक सुझाव दे सकता/ती है। यह आपका विकल्प है।

**▹ क्या मैं फार्मासिस्ट द्वारा लिखी गई रिपोर्ट देख सकता/ती हूँ?**

हां, रिपोर्ट की एक प्रति आपको और आपके देखभालकर्ता को डॉक्टर द्वारा पूरी की गई योजना के साथ प्रदान की जा सकती है।

**▹ मैं और अधिक जानकारी कहां पर प्राप्त कर सकता/ती हूँ?**

रेफरल की व्यवस्था के बारे में अपने जीपी से बात करें।

एनपीएस मेडिसिनवाइज में आपकी दवाओं के प्रबंधन के बारे में जानकारी है:
nps.org.au/consumers/managing-your-medicines

**nps.org.au**
Level 7/418A Elizabeth Street Surry Hills NSW 2010
PO Box 1147 Strawberry Hills NSW 2012
02 8217 8700 02 9211 7578 info@nps.org.au

© 2021 NPS MedicineWise. अक्टूबर 2021 को प्रकाशित। एबीएन 61 082 034 393 लेवल 7/418ए एलिजाबेथ स्ट्रीट, सरै हिल्स एनएसडब्ल्यू 2010 स्वाधीन। लाभ के लिए नहीं। साक्ष्य - आधारित। यह कार्यक्रम ऑस्ट्रेलियाई सरकार केस्वास्थ्य विभाग द्वारा वित्त पोषित है। प्रदान की गई जानकारी चिकित्सा सलाह नहीं है। अपनी या किसी अन्य व्यक्ति की चिकित्सा स्थिति का इलाज या निदान करने केलिए इसका उपयोग न करें और कभी भी चिकित्सा सलाह को अनदेखा न करें या यहां दिए कुछ कारणों की वजह से इसे प्राप्त करने में देरी न करें। दवाओं की जानकारी बदलती रहती है, और हो सकता है कि जब आप इसका उपयोग करें तो यह सटीक न हो। कानून दारा पूणमात: परसार हेतु अनुमत , एनपीएस मेडिसिनवाइज इस जानकारी पर निभमारता या उपयोग केपरिणामस्वरूप किसी भी नुकसान, लषति, या चोटकेलिए सभी दायित्व (लापरवाही केलिए बिना सीं सहित) को अस्वीकार करता है। NPSMW2390